**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2573**

**जिसका उत्तर 11 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है**

**संवहनीय कोयला खनन**

**2573. डॉ. प्रशांत यादवराव पडोलेः**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा मिशन लाइफ के अंतर्गत संवहनीय और पर्यावरण-अनुकूल कोयला खनन प्रविधियों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान कोयला क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) के वित्तपोषण के लिए बजटीय परिव्यय कितना है;

(ग) कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान छोड़ी गई, बंद की गई या अप्रचालित की गई कोयला खदानों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सीआईएल द्वारा उसकी भूमिगत और खुली खदानों में संवहनीयता और दक्षता बढ़ाने के लिए कौन-सी तकनीक अपनाई जा रही है?

**उत्तर**

**कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क)** : मिशन लाइफ के तहत संधारणीय और पर्यावरण अनुकूल कोयला खनन प्रविधियों को बढ़ावा देने के लिए, कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में कोयला कंपनियों ने मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) की विभिन्न श्रेणियों के तहत 10 कार्रवाई मदें कार्यान्वित की हैं जैसा कि **अनुबंध- 1** में दर्शाया गया है।

**(ख)** : पिछले पांच वर्षों के दौरान कोयला क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) के वित्तपोषण के लिए बजटीय परिव्यय नीचे तालिका में दिया गया है

| वर्ष | बजटीय परिव्यय (करोड़ रू. में) | वास्तविक जारी (करोड़ रू. में) |
|---|---|---|
| 2019-20 | 22.00 | 18.78 |
| 2020-21 | 12.00 | 9.97 |
| 2021-22 | 11.50 | 8.35 |

| | | |
|---|---|---|
| 2022-23 | 8.35 | 6.94 |
| 2023-24 | 18.00 | 18.00 |

**(ग) :** पिछले पांच वर्षों के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा परित्यक्त, बंद अथवा समाप्त की गई कोयला खानों का ब्यौरा **अनुबंध-2** में दिया गया है।

**(घ) :** सीआईएल द्वारा अपनी भूमिगत और ओपनकास्ट खानों में संधारणीयता और दक्षता बढ़ाने के लिए अपनाई गई प्रौद्योगिकियां निम्नानुसार हैं

- ओपनकास्ट खानों में ड्रिलिंग, विस्फोटन और क्रशिंग प्रचालनों को समाप्त करने के लिए सतही खनिक।
- विस्फोट रहित ओवरबर्डन हटाने के लिए एक्स-सेंट्रिक रिपर्स।
- भूमिगत खानों में विस्फोट मुक्त प्रौद्योगिकी के रूप में सतत खनिक और हाई वॉल खनन।
- सड़क परिवहन को कम करने के लिए 'फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी' परियोजनाएं।
- वायु प्रदूषण को कम करने के लिए वाटर स्प्रिंकलर और फॉग कैनन।
- धूल के फैलने को नियंत्रित करने के लिए वेट ड्रिलिंग और डस्ट एक्सट्रेक्टर्स युक्त ड्रिल।
- कोयला परिवहन के लिए समर्थित कोयला कारिडोर।
- वर्कशाप बहिःस्राव और कोयला हैंडलिंग संयंत्र के अवशोधन हेतु बहिःस्राव अवशोधन संयंत्र।

*****

**अनुबंध – 1**

**संधारणीय और पर्यावरण अनुकूल कोयला खनन कार्य पद्धति को बढ़ावा देने के लिए मिशन लाइफ के तहत कार्रवाई**

| क्र.सं. | मिशन लाइफ कार्रवाई की श्रेणी | मिशन लाइफ कार्रवाई मदें |
|---|---|---|
| 1. | ऊर्जा की बचत | 1. एलईडी बल्ब/ट्यूब-लाइट का उपयोग |
| | | 2. पेट्रोल/डीजल वाहन की तुलना में सीएनजी/ईवी वाहन को प्राथमिकता देना |
| | | 3. छतों पर सोलर सिस्टम संस्थापित करना |
| 2. | जल की बचत | 4. जल संरक्षण के लिए खनन गड्ढों के विकास सहित ग्रामीण जल निकायों के पुनर्भरण में सहभागिता। |
| | | 5. घरों/स्कूलों/कार्यालयों में वर्षा जल संचयन अवसंरचना का निर्माण करना। |
| 3. | सिंगल यूज प्लॉस्टिक में कमी | 6. शॉपिंग के लिए प्लास्टिक बैगों के स्थान पर कपड़े के बैग का इस्तेमाल करना। |
| | | 7. कोयला खनन टाउनशिप के सफाई अभियान/ गांवों और जल निकायों में सहभागिता और भागीदारी जुटाना |
| 4. | अपनाई गई स्वस्थ जीवनशैली | 8. इको-पार्क और खनन पर्यटन स्थल का विकास करके सामुदायिक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण शुरू। |
| | | 9. प्रदूषण के प्रभाव को कम करने के लिए पेड़ लगाना |
| 5. | ई-वेस्ट में कमी | 10. गैजेट निकटतम ई-रीसाइक्लिंग यूनिट में डालना। |

**अनुबंध – 2**

**पिछले पांच वर्षों के दौरान सीआईएल में परित्यक्त, बंद अथवॉ समाप्त कर दी गई कोयला खानों का विवरण**

| क्र.सं. | राज्य | सहायक कंपनी का नाम | कोयला खान का नाम | कोयला खान की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | असम | एनईसी | लेडो ओपनकास्ट | परित्यक्त |
| 2. | असम | एनईसी | टिकाक ओपनकास्ट | समाप्त |
| 3. | असम | एनईसी | टिपोंग अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 4. | असम | एनईसी | तिरप ओपनकास्ट | समाप्त |
| 5. | छत्तीसगढ़ | एसईसीएल | बिश्रामपुर ओपनकास्ट | परित्यक्त |
| 6. | छत्तीसगढ़ | एसईसीएल | महामाया अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 7. | छत्तीसगढ़ | एसईसीएल | महान ओपनकास्ट | समाप्त |
| 8. | छत्तीसगढ़ | एसईसीएल | पवन अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 9. | छत्तीसगढ़ | एसईसीएल | सुरकछार 3 और 4 अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 10. | छत्तीसगढ़ | एसईसीएल | सुरकछार मुख्य खान अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 11. | झारखंड | सीसीएल | पिपरवार ओपनकास्ट | परित्यक्त |
| 12. | झारखंड | सीसीएल | सरुबेरा अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 13. | झारखंड | सीसीएल | ठरीमारी अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 14. | झारखंड | ईसीएल | गोपीनाथपुर ओपनकास्ट & अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 15. | मध्य प्रदेश | एसईसीएल | जमुना आरओ (1&2) अंडरग्राउंड | परित्यक्त |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16. | मध्य प्रदेश | एसईसीएल | कपिलधारा अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 17. | मध्य प्रदेश | एसईसीएल | न्यू अमलाई अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 18. | मध्य प्रदेश | एसईसीएल | पिनौरा अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 19. | प्रदेश | डब्ल्यूसीएल | बरकुही ओपनकास्ट | परित्यक्त |
| 20. | मध्य प्रदेश | डब्ल्यूसीएल | भारत (घारावड़ी-2) ओपनकास्ट | समाप्त |
| 21. | मध्य प्रदेश | डब्ल्यूसीएल | ओपनकास्ट डैम | परित्यक्त |
| 22. | मध्य प्रदेश | डब्ल्यूसीएल | गणपती अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 23. | मध्य प्रदेश | डब्ल्यूसीएल | घरवारी/झरना अंडरग्राउंडो | परित्यक्त |
| 24. | मध्य प्रदेश | डब्ल्यूसीएल | मोहन फेज- IV ओपनकास्ट | समाप्त |
| 25. | मध्य प्रदेश | डब्ल्यूसीएल | न्यू सेठिया ओपनकास्ट | परित्यक्त |
| 26. | मध्य प्रदेश | डब्ल्यूसीएल | शोभापुर अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 27. | मध्य प्रदेश | डब्ल्यूसीएल | विष्णुपुरी-I अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 28. | महाराष्ट्र | डब्ल्यूसीएल | एबी-इंक्लाइन अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 29. | महाराष्ट्र | डब्ल्यूसीएल | सीआरसी अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 30. | महाराष्ट्र | डब्ल्यूसीएल | महाकाली अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 31. | महाराष्ट्र | डब्ल्यूसीएल | मन्ना अंडरग्राउंड | परित्यक्त |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32. | महाराष्ट्र | डब्ल्यूसीएल | मुरपर अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 33. | महाराष्ट्र | डब्ल्यूसीएल | पद्मपुर ओपनकास्ट | परित्यक्त |
| 34. | महाराष्ट्र | डब्ल्यूसीएल | पिपला अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 35. | महाराष्ट्र | डब्ल्यूसीएल | सारनी अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 36. | महाराष्ट्र | डब्ल्यूसीएल | सस्ती अंडरग्राउंड | परित्यक्त |
| 37. | ओडिशा | एमसीएल | ओरिएंट कोलियरी, खान सं. 3 अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 38. | पश्चिम बंगाल | ईसीएल | चिनकुरी I अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 39. | पश्चिम बंगाल | ईसीएल | जेमेहरी अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 40. | पश्चिम बंगाल | ईसीएल | कालीपहाड़ी अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 41. | पश्चिम बंगाल | ईसीएल | एस एस इंक्लाइन अंडरग्राउंड | समाप्त |
| 42. | पश्चिम बंगाल | ईसीएल | सोडेपुर (आर) अंडरग्राउंड | समाप्त |

****